**बिहार सरकार**
**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग**
**पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार**
**ऑफ पोलो रोड, पटना– 800001**

## निविदा आमंत्रण सूचना

सोनपुर (सारण) में पशुधन मेला 2023, जो दिनांक 24 नवम्बर, 2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 तक चलेगा, के अवसर पर पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा संस्थापित किये जाने वाले स्टॉल के निर्माण के लिए अनुभवी/ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठानों से अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय मुहरबन्द निविदाएं प्रकाशन से 21वें दिन के 05:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को अंतिम तिथि के अगले दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न में विभाग के द्वारा गठित स्थानीय कय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकते हैं।

विस्तृत जानकारी एवं शर्त्तो को विभागीय वेबसाइट www.state.bih.gov.in/ahd या कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

07/10/23

(डॉ0 दिवाकर प्रसाद)
सहायक निदेशक

07/10/23

## निविदा प्रेषित करने के लिए आवश्यक शर्तें एवं बंधेजः–

- निविदादाता को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग देनी होगी। दोनों निविदाओं को एक अलग लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर कार्यालय में जमा करना होगा।
- किसी भी निविदादाता की तकनीकी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् ही उनकी वित्तीय निविदाएं खोली जाएगी।
- निविदादाता को तकनीकी निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करने होगें –
  - **मंडप का डिजाईन**
  - प्रतिष्ठान के **सरकारी निबंधन** प्रमाण पत्र (स्व अभिप्रमाणित)
  - सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत विगत दो वर्षो (वित्तीय वर्ष 21–22 एवं 22–23) का **आयकर रिटर्न** (स्व–अभिप्रमाणित)
  - **जी0एस0टी0** नं0/पंजीयन प्रमाण पत्र (स्व अभिप्रमाणित)
  - प्रतिष्ठान का काली सूची दर्ज नहीं होने का घोषणा पत्र।
  - सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना के पक्ष में निर्गत **25,000/–** (पचीस हजार रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट। सफल निविदादाता को यह राशि मेला समाप्ति के पश्चात एवं असफल निविदादाता को निविदा प्रक्रिया समपन्न होने के पश्चात् लौटा दी जाएगी। इस पर किसी प्रकार का सूद देय नहीं होगा।
  - विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम से कम **60 लाख** रूपये टर्नओवर का प्रमाण–पत्र (सी0ए0 द्वारा प्रमाणित)।
  - राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना, मेला एवं प्रदर्शनी इत्यादि में कम से कम पांच वर्षो का कार्यानुभव प्रमाण पत्र।
  - सफलतापूर्वक सरकारी प्रदर्शनी स्टॉल का निर्माण एवं भुगतान से संबंधित प्रमाण पत्र, जो वर्ष 2022–23 में कम से कम **800000.00** (आठ लाख रुपये मात्र) की लागत से एक प्रदर्शनी का निर्माण कार्य किए हों। सरकारी स्टॉल के पुरस्कार प्राप्त निविदादाता को प्राथमिकता दी जाएगी।
  - प्रतिष्ठान का ISO प्रमाण पत्र।
  - निविदा की सभी शर्तें मानने का घोषणा पत्र।

<u>अन्यान्य</u>

- पशुपालन प्रभाग के जानकार या इस तरह के कार्य अनुभव वाले एजेन्सी को प्राथमिकता दी जायेगी।
- सफल निविदादाता को दिनांक **22–11–2023** को **05.00** बजे अपराह्न तक पशुपालन मंडप का निर्माण कार्य पूरा कर अधोहस्ताक्षरी/नोडल पदाधिकारी को सुपुर्द करना होगा।
- निविदादाता को कार्य समझ कर निविदा प्रस्तुत करना चाहिए तथा विशिष्टियों के अनुरुप ही कार्य निष्पादित करना चाहिए। विशिष्टियों के अनुरुप निष्पादित नहीं किए जाने पर संपूर्ण या आंशिक भुगतान को रोक दिया जा सकता है।
- अधोहस्ताक्षरी या नोडल पदाधिकारी के अनुसार प्रदर्शनी मंडप निर्माण स्थल पर कार्य निष्पादित करना होगा।
- प्रदर्शनी समाप्त होने के पश्चात निविदादाता को स्वयं ही सामान ले जाना होगा।
- प्राकृतिक आपदा के कारण होनेवाली क्षति की भारपाई सफल निविदादाता को करनी होगी।
- कार्य एवं सामग्रियों के लिए मूल्य उत्कथन संपूर्ण मेला अवधि तक के लिए होगा। मेला की तिथि घटने या बढ़ने की स्थिति में अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
- किसी भी निविदा को संपूर्ण या आंशिक रुप से रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
- इस कार्य हेतु किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।

- **सभी कार्य अवयवों को संलग्न पृष्ठ पर अंकित कर दिया गया है। इसी पृष्ठ पर दर को अंकित कर सीलबंद वित्तीय लिफाफा में डालकर जमा करना होगा।**
- विपत्र का भुगतान पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना के कार्यालय से होगा तथा विपत्रों पर भुगतान के समय नियमानुकूल कर (जी0एस0टी0 आदि) की कटौती कर ली जायेगी।
- सेवा/कार्य में त्रुटि होने पर न्यूनतम 5 प्रतिशत या उससे उपर राशि की कटौती विपत्र भुगतान के समय की जायेगी, जो वस्तुतः त्रुटि के अनुरूप ही होगी।
- निविदादाता को निविदा पर एक प्रमाण पत्र देना होगा–

**"प्रमाणित किया जाता है कि निविदा की सभी शर्तें मुझे मान्य है तथा मैं कार्य का निष्पादन निविदा के अनुरुप करुंगा अन्यथा मेरे भुगतान पर विचार नहीं किया जाएगा"।**

03/10/23

(डॉ0 दिवाकर प्रसाद)
सहायक निदेशक

03/10/23

# पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार
## ऑफ पोलो रोड, पटना
### हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला, 2023 हेतु कार्य अवयवों की विवरणी एवं दर अंकित करने हेतु प्रपत्र

| क0 सं0 | कार्य का नाम | दर रूपये में | अभ्युक्तियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | वाटर प्रूफ स्ट्रक्चर निर्माण कार्य की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 2 | नए टीन का घेरा की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 3 | नया प्लाई और बीट से रंग पेंट के साथ फेसिया का निर्माण कार्य (गेट सहित) की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 4 | पूरे स्टॉल के फर्श पर ईंट एवं बालू से सतह को समतल करने की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 5 | प्लाईवुड (24 एम.एम.) से फर्श निर्माण कार्य की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 6 | एल0ई0डी0 (24 वाट एवं 18 वाट) की प्रति अद्द प्रतिदिवस दर | | |
| 7 | हैलोजन ट्यूब की प्रति अद्द प्रतिदिवस दर | | |
| 8 | सामान्य ट्यूब लाइट की प्रति अद्द प्रति दिवस दर | | |
| 9 | ब्रैकेट की प्रति अद्द प्रति दिवस दर | | |
| 10 | ग्लोब स्तम्भ की प्रति अद्द प्रति दिवस दर | | |
| 11 | मेटल लाइट की प्रति अद्द प्रति दिवस दर | | |
| 12 | झूमर लाइट की प्रति अदद प्रति दिवस दर | | |
| 13 | सिरीज बल्ब प्रति हजार प्रतिदिवस दर | | |
| 14 | सम्पूर्ण फर्श पर साफ सुथरा कारपेट बिछाने की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 15 | स्टॉल में कपड़ा वालिंग का प्रति वर्गफुट दर | | |
| 16 | 45 यूनिट एम्लीफायर का एक साउण्ड बाक्स, दो अदद कॉर्डलेस माइक (बैट्री के साथ) की दर (मेला अवधि तक) | | |
| 17 | जेनरेटर 05 के0भी0ए0 डीजल सहित 24 घंटा की दर | | |
| 18 | स्टॉल परिसर में एल0सी0डी0 प्रोजेक्टर एवं स्कीन की प्रति दिवस दर। | | |
| 19 | बेड सेट (तोशक, चादर, तकिया, कम्बल, चौकी, मच्छरदानी) आदि की प्रतिदिवस दर | | |
| 20 | सोफा सेट एवं सेन्टर टेबुल की प्रति दिवस दर | | |
| 21 | नया टेबुल की प्रति अदद प्रतिदिन की दर | | |
| 22 | फाइबर कुर्सी की प्रति अद्द प्रतिदिवस दर | | |
| 23 | वी0आई0पी0 कुर्सी की प्रति अद्द प्रतिदिवस दर | | |
| 24 | 12फीट X 10 फीट स्टेज निर्माण की दर | | |
| 25 | बैकलीट बॉक्स के स्टैण्ड को लकड़ी से एवं कपड़ा से वालिंग करने की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 26 | फ्रन्टलीट लगाने की प्रति वर्गफुट दर | | |
| 27 | 5'X4' का शौचालय एवं एक स्नानागार प्लाई से बनाने की दर | | |
| 28 | फलैक्स बैकलिट को सेट करने हेतु बॉक्स निर्माण की प्रति वर्ग फीट दर | | |
| 29 | स्टॉल में कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मचारियों हेतु समुचित पेयजल की व्यवस्था हेतु 25 लीटर के मिनरल वाटर के एक जार, डिस्पेंसर एवं समुचित मात्रा में डिस्पोजेबल ग्लासों के साथ की प्रति दिवस दर | | |
| 30 | प्रतिदिन दो बार पूरे मंडप एवं कारपेट की सफाई एवं कचरा फेंकने की व्यवस्था की जानी है, की प्रति दिवस दर | | |
| 31 | पूरे स्टॉल में विभिन्न प्रकार के फूलों के 50 रंगीन एवं सुसज्जित गमलों से सजावट करने की दर | | |
| 32 | स्टॉल में एक सुरक्षा प्रहरी (ड्रेस में) की (रात्रि सेवा हेतु) की सम्पूर्ण मेला अवधि तक की दर (7:00 बजे संध्या से 9:00 बजे पूर्वाह्न तक) | | |
| 33 | अन्यान्य | | |